उद्भव 2022 : डांस में वाणिज्य कॉलेज का जलवा

सीआईएमपी में आयोजित उद्भव 2022 के दौरान प्रस्तुति देते प्रतिभागी।

पटना, मुख्य संवाददाता। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना में दो दिवसीय वार्षिक व्यापार उत्सव उद्भव 2022 का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ. राणा सिंह ने किया, स्वागत भाषण प्रो. डॉ. विजया बंद्योपाध्याय ने किया।

कार्यक्रम के पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में वाणिज्य महाविद्यालय और पटना वीमेंस कॉलेज की लड़कियों की शानदार प्रस्तुति दी। इसके बाद बिजनेस क्विज और डिबेट का में सीआईएमपी का दबदबा रहा। सीआइएमपी के स्टूडेंट्स ने नारियल के छिलके से सेनेटाइजर बॉक्स व बेकार सामान से साइकिल भी बनायी।

विज्ञापन सत्र के दौरान को मंच पर छात्रों ने रोचक अंदाज में कई विज्ञापनों का प्रारूप प्रस्तुत किया। सिंगिंग प्रतियोगिता में ऋषिकेश कुमार ने तेरी बातें... शगुफ्ता फातमी ने आधा तेरा... आधा मेरा.. शालिनी सिन्हा ने बोल दो जरा महिमा व प्रियंका ने मन क्यों बहका.. प्रिया ने तू जो छू ले... शालिनी ने आंखों तले एक ही सपना के साथ साथ अंजलि राज, सुजान व रोहित राज ने अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान सुजान ने भोजपुरी रैप सांग गाकर लोगों का दिल जीत लिया। प्रथम स्थान लानेवाले को एक लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंतिम दिन रॉक फेस्ट का आयोजन होगा। कार्यक्रम के आयोजन में आनंद शंकर, पीयूष हर्ष, मनी राज, अमीषा, सलोनी, सौजल, सौम्या, अमृत आनंद, शांतनु, रूबी रुचि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

Hindustan (Hindi) ! Page.NO-06 ! Dated:09-04-2022

सीआइएमपी में दो दिनी व्यापार उत्सव का आगाज

जागरण संवाददाता, पटना : चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी) में दो दिवसीय वार्षिक व्यापार उत्सव उद्भव -2022 का आगाज शुक्रवार को हुआ। पहले दिन व्यापार से संबंधित व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पटना वीमेंस कालेज व वाणिज्य महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सबका दिल जीत लिया। इसके बाद बिजनेस क्विज और डिबेट का आयोजन किया गया। इसमें सीआइएमपी के छात्रों का दबदबा रहा। आयोजन में बेकार पड़े मटेरियल से बने कई समान छात्रों ने बनाया था। इसमें नारियल के छिलके से सैनिटाइजर बाक्स, बेकार बड़े समान से बनें साइकिल ने भी सभी को आकर्षित किया। पीडब्ल्यूसी की लड़कियों ने मेंसुरेशन हाइजीन को लेकर एंड प्रस्तुत किया।

वहीं, सिंगिंग कंपीटीशन में ऋषिकेश कुमार ने तेरी बातें..., शगुफ्ता फातमी ने आधा तेरा, आधा मेरा..., शालिनी सिन्हा ने बोल दो जरा-जरा...व रोहित राज ने अपनी प्रस्तुति दी।

Dainik Jagran! Page.No-12
Dated:09-04-2022

ग्रुप डांस में वाणिज्य महाविद्यालय का शानदार प्रदर्शन

पटना | चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना, सीआईएमपी में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक व्यापार उत्सव उद्भव -2022 का उद्घाटन हुआ। ग्रुप डांस में वाणिज्य महाविद्यालय और पटना वीमेंस कॉलेज का परफॉमेंस बढ़िया रहा। दूसरी ओर बिजनेस क्विज का आयोजन हुआ।

Dainik Bhaskar ! Page.No- 08
Dated:09-04-2022

वाणिज्य महाविद्यालय व पीडब्ल्यूसी ने जीता दिल

सीआइएमपी

पटना. चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी) में दो दिवसीय वार्षिक व्यापार उत्सव उद्भव -2022 का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ. कार्यक्रम के पहले दिन व्यापार से संबंधित और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ. कार्यक्रम में शहर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के स्टूडेंट्स शामिल हुए. कार्यक्रम के पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में वाणिज्य महाविद्यालय का जलवा रहा. ग्रुप डांस में वाणिज्य महाविद्यालय और पटना वीमेंस कॉलेज की लड़कियों की शानदार प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया. इसके बाद बिजनेस क्विज और डिबेट का आयोजन हुआ. इन दोनों कंपीटीशन में सीआइएमपी का दबदबा रहा. पीडब्ल्यूसी की लड़कियों ने मेंसुरेशन हाइजीन को लेकर एंड प्रस्तुत किया.

बताया गया कि कार्यक्रम के अंतिम दिन रॉक फेस्ट का आयोजन होगा. कार्यक्रम के आयोजन में आनंद शंकर, पीयूष हर्ष, मनी राज, अमिशा, सलोनी, सौजल, सौम्या, अमृत आनंद, शांतनु, रूबी रुचि के साथ अन्य लोग ने महत्वपूर्ण योगदान दिया.

Prabhat Khabar ! Page.No-09
Dated:09-04-2022